:: पुलिस पब्लिक स्कूल, पेंशन बाड़ा, रायपुर, छत्तीसगढ़ ::

प्रबंधकीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 28.11.2022 का कार्यवाही विवरण

शिक्षण सत्र 2022-23 में स्कूल प्रबंधकीय कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री अशोक जुनेजा, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में दिनांक 28.11.2022 को आहूत की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण/सदस्य उपस्थित रहे :-

1. श्री हिमांशु गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
2. श्री विवेकानंद, सदस्य/अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल अभियान/विआशा), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
3. श्री अजय यादव, सदस्य/पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर एवं गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, रायपुर।
4. श्री प्रशांत अग्रवाल, सदस्य/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला-रायपुर।
5. श्री अरविन्द कुजूर, सदस्य/सेनानी, 3री वाहिनी, छसबल, अमलेश्वर-दुर्ग।
6. श्री जितेन्द्र शुक्ल, सेनानी, 16वी वाहिनी, छसबल, नारायणपुर/प्रबंधक, पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर।
7. श्री वाय.पी. सिंह, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
8. श्रीमती शानी मिश्रा, सचिव/प्राचार्या, पुलिस पब्लिक स्कूल, पेंशन बाड़ा, रायपुर।
9. सुश्री रमा पटेल, उप सेनानी, 4थी वाहिनी, छसबल, माना-रायपुर।
10. श्री गिरीश ताम्रकर, सदस्य/जे.एन. पाण्डेय शास.उ.मा.वि., नलघर चौक, रायपुर।
11. श्री आर.के. देशमुख, सदस्य/प्राचार्य, पी.एल.वाय.शास.हिन्दू उ.मा.वि., बैरन बाजार, रायपुर।
12. श्री सुभाष महोबिया, सदस्य/प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, माना-रायपुर।
13. श्री एम.पी. यादव, सदस्य/पूर्व प्राचार्य, डी.पी.एस., भिलाई।
14. श्री चंद्रप्रकाश तिवारी, सदस्य/उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस लाईन, रायपुर।
15. श्री वैभव मिश्रा, सदस्य/रक्षिक निरीक्षक, पुलिस लाईन, रायपुर।
16. सुश्री सुरभि यादव, सदस्य/शिक्षक, पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर।
17. श्री रविकांत वर्मा, सदस्य/शिक्षक, पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर।
18. श्री सुरेश द्विवेदी, सदस्य/अभिभावक (विभागीय), पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर।

बैठक की शुरूआत प्राचार्या द्वारा प्रबंधकीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं सदस्यों का परिचय कराने तथा स्कूल के संबंध में संक्षिप्त वीडियो प्रस्तुत करने से की गई। तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए :-

1. पिछले प्रबंधकीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों/निर्देशों पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया।
2. विद्यार्थियों को हर समय/किसी भी परिस्थिति में परीक्षा के लिए तैयार रहने तथा विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का डर (exam fear) हटाने के लिए अकस्मात परीक्षा (Surprise Test) लिया जाए।
3. आज के Technology के युग में, जहां प्रतिदिन नये-नये नवाचार (innovation) हो रहे हैं, अतः आई.आई.एम. रायपुर, एनआईटी रायपुर, आई.आई.आई.टी रायपुर तथा आई.आई.टी. रायपुर से मेहमान प्रवक्ता बुलवाकर विद्यार्थियों को इन सबके बारे में अप-टू-डेट रखने तथा प्रोत्साहित (motivate) करने के संबंध में कार्यवाही की जाए।

क्रमशः ..2..

Scanned with CamScanner

4. आज के प्रतिस्पर्धा के युग में प्रस्तुतीकरण (presentation) बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा किसी भी फोरम में आप अपने आपको किस तरह से प्रस्तुत करते हैं और आप किस तरह से बातचीत/प्रश्न करते हैं, इससे आपके व्यक्तित्व (personality) का पता चल जाता है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण, बातचीत करने, प्रश्न पूछने एवं उत्तर देने की कला सिखलाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए।
5. पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर लगभग 03 वर्षों से संचालित हो रहा है तथा स्कूल अब स्थायित्व प्राप्त कर चुका है। इसलिए अन्य जगह जैसे जगदलपुर, जहां पर नक्सल पीड़ित और शहीद कर्मियों के बच्चों को फायदा मिलेगा, वहां पर पुलिस पब्लिक स्कूल की एक अन्य शाखा खोलने के लिए विचार रखा गया। तत्संबंध में समनि (कल्याण) आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
6. लाईब्रेरी में अच्छे लेखकों का Reference Books एवं किण्डल में उच्चस्तरीय पुस्तकों को Subscribe किये जाने तथा स्कूल की वार्षिक पत्रिका एवं मासिक School News Letter छपवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।
7. स्वच्छता बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वच्छ वातावरण पढ़ाई के लिए अच्छा होता है। अतः स्कूल को स्वच्छ रखने हेतु प्रत्येक वर्ष painting कराये जाने पर जोर दिया गया। साथ-ही-साथ वर्तमान सत्र में जब class disturb न हो, ऐसे समय में स्कूल की painting करवाने हेतु कहा गया।
8. शैक्षणिक सत्र 2023-24 में फीस वृद्धि के संबंध में सहमति दी गई। प्रबंधक को फीस में आवश्यक परिवर्तन किये जाने का अधिकार प्रदत्त किया गया है तत्संबंध में अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पुलिस कल्याण समिति के समक्ष, छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम, 2020 के मार्गदर्शिका के अनुरूप प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
9. बैठक में मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) में संशोधन हेतु चर्चा की गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा सहमति दी गई।

(पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ द्वारा अनुमोदित)

14/12/2022
हेतु-पुलिस महानिदेशक
छत्तीसगढ़

पृ.क्र.:- पीपीएस/राय/ 196 /22, दिनांक- 15/12/2022

प्रतिलिपि :- कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
2. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्स.अभि./विआशा), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
3. पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर एवं गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, रायपुर।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला-रायपुर।
5. सेनानी, 3री वाहिनी, छसबल, अमलेश्वर-दुर्ग।
6. सेनानी, 16वी वाहिनी, छसबल नारायणपुर।
7. सेनानी, 4थी वाहिनी, छसबल, माना-रायपुर।
8. सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण), पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
9. प्राचार्य, पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर, छत्तीसगढ़।
10. उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस लाईन, रायपुर।
11. रक्षिक निरीक्षक, पुलिस लाईन, रायपुर।
12. आदेश नस्ती।

14/12/2022
हेतु-पुलिस महानिदेशक
छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner